उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्या–162/A-5/DR/ S.I. /E-5/2023-24 दिनाँक :: 20 सितम्बर, 2024

विज्ञप्ति

उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस / अभिसूचना), गुल्मनायक (पी0ए0सी0 / आई0आर0बी0) एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी परीक्षा–2024

उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस / अभिसूचना), गुल्मनायक (पी0ए0सी0 / आई0आर0बी0) एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी परीक्षा–2024 के अन्तर्गत **अध्यक्ष / सेनानायक महिला उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस / अभिसूचना चयन समिति आई0आर0बी0 द्वितीय देहरादून** ने अपने पत्र संख्या– भ–17 / 2023 में दिनांक 13.09.2024 के माध्यम से सूचित किया है कि महिला अभ्यर्थिनियों की शारीरिक नाप–जोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा कराये जाने के संबंध में निम्नलिखित दिनांक निर्धारित की गयी है–

क्र0 सं0	अभ्यर्थियों का विवरण	निर्धारित तिथि एवं समय
01	दिनांक 02.09.2024 से दिनांक 11.09.2024 तक उपनिरीक्षक ना0पु0 / अभिसूचना के पदों पर शारीरिक नाज जोख हेतु उपस्थित हुई अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थिनियों जिनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में एस0टी0(अनुसूचित जनजाति) का दावा किया गया है, परन्तु नाप–जोख के संबंध में Do you want Relaxation in measurement of Height and Chest वाले कालम में No अंकित होने के कारण उनको Height में छूट प्राप्त न मिलने के कारण नाप–जोख में अनुतीर्ण हो गई है। उनकी शारीरिक नाप–जोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्ष दिनांक 24.09.2024 को पुनः कराये जाने का निर्णय लिया गया है।	24.09.2024 (प्रातः 6:00 बजे)
02	दिनांक 02.09.2024 से दिनांक 12.09.2024 तक शारीरिक नाप–जोख एवं दक्षता परीक्षा हेतु उपस्थित हुई पर्वतीय क्षेत्र की अभ्यर्थिनियों जिनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में शारीरिक नाप–जोख में छूट संबंधी दावा नहीं किया गया है, जिसके फलस्वरूप Height में छूट न मिलने के कारण नाप–जोख में अनुतीर्ण हो गई है, उनकी शारीरिक नाप–जोख एवं दक्षता परीक्षा दिनांक 24.09.2024 को पुनः कराये जाने का निर्णय लिया गया है।	24.09.2024 (प्रातः 6:00 बजे)
03	दिनांक 02.09.2024 से परीक्षा केन्द्र आई0आर0बी0, द्वितीय झाझरा, निकट विज्ञान धाम, देहरादून में महिला उपनिरीक्षक ना0पु0 / अभिसूचना की नाप–जोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा सम्पन्न करायी जा रही है। निर्धारित तिथियों में कतिपय कारणों से प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर शारीरिक नाप–जोख एवं दक्षता परीक्षा हेतु उपस्थित न होने वाले अभ्यर्थिनियों को उक्त दक्षता परीक्षा मे सम्मिलित होने हेतु अंतिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 24.09.2024 की तिथि निर्धारित की जाती है।	24.09.2024 (प्रातः 6:00 बजे)
04	दिनांक 04.09.2024 को भारी बारिश के कारण आई0आर0बी0 द्वितीय देहरादून में महिला उपनिरीक्षक / अभिसूचना के पदों पर नाप–जोख के उपरान्त शारीरिक दक्षता परीक्षा संम्पन्न नही करायी जा सकी है। अतः शारीरिक माप–जोख में उत्तीर्ण अभ्यर्थिनियों को सूचित किया जाता है कि शारीरिक नाप–जोख में उत्तीर्ण होने के उपरान्त उन अभ्यर्थिनियों की आगे की दक्षता परीक्षा हेतु दिनांक 25.09.2024 निर्धारित की जाती है।	25.09.2024 (प्रातः 6:00 बजे)

अतः **परीक्षा केन्द्र–आई0आर0बी0 द्वितीय देहरादून** में शारीरिक नाप–जोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपेक्षित प्रमाण पत्रों, प्रवेश–पत्र एवं पासपोर्ट साईज की दो फोटो सहित उक्त निर्धारित दिनांक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

-Sd-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।